# माई स्टेम्प योजना

## चर्चा में क्यों?

14 अक्तूबर, 2021 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में भारतीय डाक विभाग, छत्तीसगढ़ परिमंडल द्वारा '**माई स्टेम्प योजना**' के तहत **राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव** और **राज्योत्सव पर डाक टिकिट एवं विशेष आवरण** का विमोचन किया।

## प्रमुख बिंदु

- यह डाक टिकिट देश के सभी बड़े डाकघरों के काउंटरों में उपलब्ध होगा तथा टिकिट का संग्रहण करने वालों के लिये उपयोगी होगा।
- इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल आर.के. जायभाय ने बताया कि विशेष आवरण छत्तीसगढ़ राज्य के 21वें स्थापना दिवस एवं इस दौरान 28, 29 और 30 अक्तूबर 2021 को राजधानी रायपुर में आयोजित हो रहे द्वितीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के उपलक्ष्य में जारी किया गया है।
- गौरतलब है कि राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आमंत्रण सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रशासित प्रदेशों के उप-राज्यपाल/प्रशासक और जनजातीय कलाकारों को भेजा गया है।
- इस नृत्य महोत्सव में भारत के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के जनजातीय कलाकारों द्वारा कला और संस्कृति की अपनी समृद्ध विरासत का प्रदर्शन किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/my-stamp-scheme